दिनांक : 27.12.2025 समय : 02.10 PM

## मुख्यमंत्री लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सतना में 31 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से नवनिर्मित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल और 8 करोड़ 39 लाख रूपये लागत के नवनिर्मित धवारी क्रिकेट स्टेडियम का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 484 करोड़ 21 लाख रूपये लागत के 6 विकास कार्यो का भूमिपूजन करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया। डॉ. यादव शासकीय मेडीकल कॉलेज सतना में आयोजित कार्यक्रम में 650 बिस्तरीय नवीन चिकित्सालय भवन के निर्माण का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सतना में आयोजित विंध्य व्यापार मेला के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

## ईयर एंडर–टैक्स रिफॉर्म्स

साल 2025 भारत की विकास यात्रा में एक अहम अध्याय है। इस साल नीतियों को प्रगति में और इरादों को असर में बदलते देखा गया। स्पेशल सीरीज़, 'रिफॉर्म्स का साल' में, आज हमारे संवाददाता 2025 में टैक्सेशन सेक्टर में भारत की प्रगति पर एक रिपोर्ट लाए हैं।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और News on AIR मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

## नड्डा– टीबी मुक्त भारत

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मिशन मोड में स्वास्थ्य सेवा सुधारों और टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए त्वरित प्रयासों का आह्वान किया है। कल नई दिल्ली में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री नड्डा ने दवा विनियमन और आपूर्ति श्रृंखला की निरंतर निगरानी के महत्व को स्पष्ट किया।

## मौसम

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी ने जनजीवन प्रभावित किया है। प्रदेश के 31 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री

सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के चलते कई जिलों में दिन का तापमान भी 25 डिग्री से नीचे बना हुआ है। घने कोहरे का असर रेल और सड़क यातायात पर साफ दिखाई दे रहा है। कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, हिमालय क्षेत्र में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद उत्तर दिशा से ठंडी हवाएं प्रदेश में प्रवेश कर रही हैं, जिससे सर्दी और बढ़ गई है।

## संक्षिप्त समाचार

1– **खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की 359वीं जयंती आज** प्रदेश **और देश के अन्य हिस्सों में मनाई जा रही है।**

2–शिवपुरी जिले में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के क्रम में कल रोजगार कार्यालय द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---------------------